>

Title: Need to give adequate financial assistance to provide relief to families who suffered loss of lives and properties due to heavy rain and cloudburst in Uttarkashi and Rudraprayag regions of Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : मैं केंद्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल के सीमावर्ती क्षेत्रों उत्तरकाशी तथा रूद्रप्रयाग की ओर दिलाना चाहती हूँ। यहां पर अगस्त, सितंबर 2012 में भारी बारिस तथा बादल फटने के कारण भारी जान माल की हानि हुई है। सैंकड़ों लोग बेघर हो गए बादल फटने के कारण कई घर दब गये और कई लोग बह गये। बादल फटने से काफी लोग एवं पशु बह गये। इन गांवों के सैंकड़ों परिवार खुले में र हने को मजबूर हैं। राज्य सरकार की ओर से दी गई सहायता नाकाफी है। गरीब परिवारों के लोग पहाड़ों पर हो रही बारिस तथा बर्फबारी के कारण ठंड में रहने को मजबूर हैं।

मेरा माननीय प्रधानमंत्री जी से विशेष आग्रह है कि उत्तराखंड में पहाड़ों पर हो रही प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए आवश्यक धनराशि दी जाए तथा केंद्र इसमें हस्तक्षेप कर प्राथमिकता के आधार पर उनके पुनर्वास हेतु भारी आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।